# बिहार विधान सभा सचिवालय
## निविदा आमंत्रण

बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2017 तथा बिहार विधान सभा दूरभाष निर्देशिका के 22वें संस्करण के मुद्रण हेतु निबंधित एवं योग्य मुद्रकों से द्विलिफाफा पद्धति के तहत निर्माण एवं मुद्रण से संबंधित प्रति दैनन्दिनी एवं प्रति दूरभाष निर्देशिका न्यूनतम दर के साथ सीलबंद लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें (प्रत्येक के लिए अलग-अलग लिफाफे में) दिनांक 14 अक्तूबर, 2016 के 3.00 बजे अपराह्न तक सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथानिर्धारित शर्त्तों एवं उपबंधों के अधीन आमंत्रित की जाती है ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक 17 अक्तूबर, 2016 के 3.30 बजे अपराह्न में सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

निविदा एवं निविदा से संबंधित निर्धारित शर्त्तें तथा उपबंध बिहार विधान सभा के वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर द्रष्टव्य है ।

इस संबंध में दिनांक 19.09.16 को प्रकाशित निविदा आमंत्रण के विज्ञापन को रद्द किया जाता है ।

**1. बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2017 की विशिष्टियाँ :-**

i. साइज-18 से.मी.×24 से.मी. (कवर का साइज-19 से.मी.×25 से.मी.) ।

ii. संख्या-2000 प्रतियाँ ।

iii. पृष्ठ संख्या-16 पृष्ठ 170 जी.एस.एम. आर्ट पेपर पर बहुरंगी छपाई के साथ, 8 पृष्ठ 70 जी.एस.एम. नेचुरल सेड पेपर पर बहुरंगी छपाई के साथ, 264 पृष्ठ 70 जी.एस.एम. नेचुरल सेड पेपर पर एकल रंग छपाई के साथ (कुल 288 पृष्ठ आवरण छोड़कर) होगा ।

iv. आवरण- उत्कृष्ट कोटि का रैक्सीन/लेदर पेपर जो कि 32 आउंस का ग्लेज्ड ग्रे हार्ड बोर्ड पर फोम के साथ होगा एवं मुख्य पृष्ठ पर गोल्डेन इम्बौश मुद्रण होगा एवं कवर के चार कॉर्नर पर अच्छे क्वालिटि का गोल्डेन कार्नर क्लिप लगा रहेगा ।

v. बंधाई-पूरा टेक्स्ट भाग धागा सिलाई के साथ हॉट ग्लू परफेक्ट बाईंडिंग होगा ।

**2. बिहार विधान सभा दूरभाष निर्देशिका-2017 की विशिष्टियाँ :-**

i. साइज-08 से.मी.×12 से.मी. ।

ii. संख्या-2500 प्रतियाँ ।

iii. पृष्ठ संख्या-368 पृष्ठ 70 जी.एस.एम. नेचुरल सेड पेपर पर एकल रंग छपाई के साथ ।

iv. आवरण- 4 पृष्ठ 300 जी.एस.एम. 4 रंगों की छपाई के साथ ऊपर से उत्कृष्ट कोटि के रैक्सीन का जैकेट गोल्डेन इम्बौश मुद्रण के साथ होगा ।

v. बंधाई- हॉट ग्लू परफेक्ट बाईंडिंग होगा ।

**नोटः-**

1. प्रकाश्य सामग्रियों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

2. प्रकाश्य सामग्रियों की थीम फोटोग्राफी, डिजाईन, कम्पोजिंग संबंधित चयनित निविदादाता को करनी होगी एवं तत्संबंधित का अनुमोदन कार्यालय से प्राप्त कर लेना होगा ।

## निविदा से संबंधित निर्धारित शर्तें तथा उपबंध

1. निविदादाता के पास अपना अत्याधुनिक 4 कलर सीट ऑफसेट मशीन, प्री-प्रेस सिस्टम, आधुनिक बाईंडिंग सिस्टम से सुसज्जित ISO अभिप्रमाणित प्रेस होना चाहिए ।
2. निविदादाता को समान प्रकृति कार्य (Similar nature of work) का अनुभव होना चाहिए । तकनीकी निविदा के साथ नमूना एवं कार्यादेश की प्रति संलग्न होना चाहिए ।
3. निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के वैट/ वाणिज्य-कर/ संबंधित विभाग एवं एस.एस.आई. से मुद्रक के रूप में निबंधित होना चाहिए ।
4. निविदादाता का वार्षिक टर्न ओवर पिछले तीन वर्षों में कम-से-कम दस लाख रूपये प्रति वर्ष होना चाहिए ।
5. **निविदादाता को तकनीकी निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात जमा करना होगा:-**
   (क) निविदा के साथ अग्रधन के रूप में सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से 25 हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट देना होगा । निविदा के निष्पादनोपरांत निविदादाताओं को यह चेक वापस कर दिया जायेगा ।
   (ख) पिछले तीन वर्षों का सी०ए० सर्टिफाईड अंकेक्षण प्रतिवेदन, संगत वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रतिलिपि एवं पैन कार्ड की छायाप्रति ।
   (ग) राज्य के वैट/वाण्जि्य कर/ संबंधित विभाग एवं एस.एस.आई. के द्वारा मुद्रक के रूप में निबंधित होने का प्रमाण ।
   (घ) निविदादाता के पास अपना अत्याधुनिक 4 कलर सीट ऑफसेट मशीन, प्री-प्रेस सिस्टम एवं आधुनिक बाईंडिंग सिस्टम होने का प्रमाण ।
   (च) निविदादाता को अपने प्रेस की विशिष्टियाँ, विभिन्न प्रकार की मशीनों की संख्या तथा उनकी उत्पादन क्षमता का विस्तृत ब्यौरा देना होगा ।
   (छ) निविदादाता का प्रेस ISO अभिप्रमाणित होने का प्रमाण ।
   (ज) निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/ अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो, तद्संबंधी नोटराईज्ड एफिडेविट शपथ-पत्र संलग्न करना होगा ।
   (झ) बिहार विधान सभा दैनन्दिनी एवं दूरभाष निर्देशिका में प्रयुक्त होने वाले 300 जी.एस.एम. C2S आर्ट बोर्ड, 170 जी.एस.एम. C2S आर्ट पेपर एवं 70 जी.एस.एम. नेचुरल सेड पेपर ग्रेड-'ए' पेपर मिल का होना चाहिए । पेपर का नमूना तकनीकी निविदा के साथ देना होगा ।
   (ट) जमा किये गये सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं पृष्ठ संख्यांकित होने चाहिए ।
6. तकनीकी निविदा के साथ दिये गये कागजातों-प्रमाणों के भौतिक-स्थल सत्यापन करने के लिए सभा सचिवालय स्वतंत्र होगा ।
7. बिहार विधान सभा दैनन्दिनी एवं दूरभाष निर्देशिका का पूर्ण रूप से कॉन्सेप्ट डिजायनिंग, फोटो संकलन, लेआँउट, रंगीन प्रुफिंग, कवर एवं टेक्स्ट भाग का अनुमोदन ससमय कार्यालय से प्राप्त कर लेना होगा ।
8. निविदा द्वि-लिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग-अलग लिफाफे में देने होंगे तथा उसके ऊपर तकनीकी / वित्तीय निविदा अंकित कर देना होगा । वित्तीय निविदा में सभी कर एवं खर्च सहित दर प्रति आइटम के लिए प्रति अदद का मूल्य स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।

9. प्रकाश्य सामग्री सभा सचिवालय से ससमय प्राप्त कर लेनी होगी । शेष सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करनी होगी ।

10. उपर्युक्त सभी शर्त्तों एवं उपबंधों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा । अपूर्ण, अस्पष्ट एवं विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।

11. तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी ।

12. जिस निवादादाता का चयन मुद्रण के लिए किया जायेगा उन्हें उक्त दोनों कार्यों के लिए अंके-25,000/-रू०- 25,000/-रू० (पच्चीस हजार-पच्चीस हजार रूपये) की राशि अलग-अलग जमानत स्वरूप सभा सचिवालय के रोकड़ शाखा में जमा करना होगा, जो कार्य संतोषप्रद सम्पन्न होने के उपरान्त मुद्रक को वापस कर दिया जायेगा ।

13. मुद्रित प्रतियाँ निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाये जाने / मुद्रण में त्रृटि / अस्पष्टता रहने, मजबूत बाईंडिंग नहीं होने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्त्ति नहीं करने / निविदा की शर्त्तों से विचलन आदि की स्थिति में मुद्रक द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त करने तथा भुगतेय राशि से यथोचित कटौती करने एवं फर्म के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार सभा सचिवालय को होगा ।

14. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत / रद्द करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।

**भूषण कुमार झा**
उप सचिव,
**बिहार विधान सभा, पटना ।**